आद्रा रेल मंडल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

आद्रा। आद्रा रेल मंडल में गणतंत्र दिवस सेरसा स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर डीआरीम शरद कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। परेड कमांडर एके सिंह की अगुवाई में रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जांस एंबुलेंस, सिविल डिफेंस, भारत स्काउट एंड गाइड, सेरसा के खिलाडियों, दपूरे बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दपूरे बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिश्रित प्राथमिक विद्यालय एवं मंडल सांस्कृतिक संस्था द्वारा मार्च पास्ट किया गया। डीआरीम शरद ने मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने मंडल की उपलिब्धयों, यात्री सुविधाओं, कर्मचारी सुविधाओं की भी चर्चा की। उन्होंने सभी विभागों के कार्यों की प्रशंसा की तथा मंडल के कर्मचारी यूनियनों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने दपूरे महिला कल्याण संगठन द्वारा महिलाओं और छात्र-छात्राओं के लिए किए गये कल्याणकारी कार्यों की भी सराहना की। अवसर पर एडीआरएम धनेश्वर महांतो, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव, उपाध्यक्षा शैलजा महांतो एवं सर्वो की अन्य सदस्याओं के अलावा बड़ी तादाद में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मौके पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया।

आद्रा में डीआरएम ने किया ध्वजारोहण, ली सलामी

आद्रा. दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल मे गणतंत्र दिवस सेरसा स्टेडियम मे मना . मंडल रेल प्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया . परेड कमांडर एके सिंह के नेतृत्व मे रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जोंस एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, भारत स्काउट एंड गाइड, सेरसा के खिलाड़ियों, दपूरे बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दपूरे बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिश्रित प्राथमिक विद्यालय एवं मंडल सांस्कृतिक संस्था के सदस्यों ने मार्च पास्ट किया . मंडल रेल प्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने मंडल की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं, कर्मचारी सुविधाओं की चर्चा की . उन्होंने सभी विभागों के कार्यों की प्रशंसा की तथा मंडल के कर्मचारी यूनियनों के सहयोग की सराहना की . उन्होंने दपूरे महिला कल्याण संगठन द्वारा महिलाओं और छात्र-छात्राओं के लिए किए गये कल्याणकारी कार्यों की भी सराहना की . अपर मंडल रेल प्रबंधक धनेश्वर महंत, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी , सहायक सुरक्षा आयुक्त तथा मंडल के अन्य अधिकारी, दपूरे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शैलजा महंत एवं सर्वो सदस्य उपस्थित थी . स्कूली छात्रों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया .

आद्रा रेल मंडल ने मनाया 70वाँ गणतंत्र दिवस समारोह

परेड की सलामी लेते डीआरएम शरद कुमार श्रीवास्तव

आद्राः दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 70वां गणतंत्र दिवस सेरसा स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

झंडोतोलन के दौरान रेलवे सुरक्षा बल बैंड द्वारा राष्ट्रगान की मधुर धुन बजाई गई। परेड कमांडर ए.के. सिंह की अगुवाई में रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जॉन्स एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, भारत स्काउट एंड गाइड, सेरसा के खिलाड़ियों, द.पू.रे. बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, द.पू.रे बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिश्रित प्राथमिक विद्यालय एवं मंडल सांस्कृतिक संस्था, आद्रा द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्रीवास्तव ने मार्च पास्ट की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने मंडल की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं, कर्मचारी सुविधाओं की भी चर्चा की। उन्होंने सभी विभागों के कार्यों की प्रशंसा की तथा मंडल के कर्मचारी यूनियनों के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक धनेश्वर महान्तो, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, सहायक सुरक्षा आयुक्त तथा मंडल के अन्य अधिकारी के साथ-साथ द.पू.रे. महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शैलजा महान्तो एवं सर्वो, आद्रा की अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर रेलवे स्कूलों के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये।

डीआरएम ने मार्च पास्ट प्रस्तुत करने वाली टुकड़ियों को तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करनेवाले स्कूली छात्रों को पुरस्कृत किया। इसके बाद बच्चों के बीच मिठाईयां और चॉकलेट बांटे गये। ●

KHELO
INDIA

GOVT.OF
INDIA